भाकृअनुप – केन्द्रीय भेड एंव ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छता पखवाड़ा रिपोर्ट दिन 4 – 19.12.2020

केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान में चल रहे स्वास्थ्य पखवाड़ा दिनांक 16 से 31 दिसम्बर, 2020 के अन्तर्गत दिनांक 19.12.2020 को संस्थान के आवासीय परिसर में मानवीय चिकित्सालय, सामुदायिक भवन, राजकीय विद्यालय, खेलकूद परिसर एवं सहकारिता भंडार के आस–पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पेड़ों की शाखाओं की कटाई, समतलीकरण, गिरे हुए पत्तों की साफ–सफाई की गई तथा उनसे खाद बनाने हेतु कृषि फार्म में ले जाया गया। साथ ही आवासीय परिसर के निवासियों को कूड़ा–कचरा, अपशिष्ट आदि कूडेदान में डालने हेतु जागरूक किया गया। सहकारी भंडार संचालको को प्लास्टिक थैलियों के उपयोग से बचने के निदेश दिये गये तथा निवासियों को भी सामान लाने के लिये अपने साथ कपड़े के थैले ले जाने का अनुरोध किया। संस्थान के लगभग 50 कार्मिकों ने तथा राजकीय विद्यालय के स्टॉफ ने मिलकर परिसर को स्वच्छ बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

(नवीन कुमार यादव)
सहायक निदेशक (रा भा) एवं
समन्वयक, स्वच्छ भारत अभियान

राजकीय माध्यमिक वि
गर (टोंक) राजस्थान
केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर
स्वच्छता पखवाड़ा
(16 से 31 दिसम्बर 2020)
प्रार्थना स्थल

5245 DI MASSEY FERGUSON